स्टील फाउंडेशन देगा ज्ञान सृजन को बढ़ावा

रांची. आइआइएम रांची और टाटा स्टील फाउंडेशन सामाजिक प्रभाव के लिए ज्ञान सृजन को बढ़ावा देंगे. शुक्रवार को आइआइएम रांची के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव और टाटा स्टील फाउंडेशन के सीइओ सौरव रॉय ने एमओयू कर राज्य में शैक्षणिक परिवेश को बढ़ावा देने की पहल की. दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि समझौता होने से विद्यार्थियों को सामाजिक प्रभाव की पहल के लिए प्रेरित किया जायेगा. साथ ही अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देते हुए संस्थानों के बीच ज्ञान साझा करने की सुविधा तैयार की जायेगी. इससे दोनों संस्थान सहयोगात्मक रूप से पाठ्यक्रम, गहन अध्ययन के लिए शैक्षणिक सुविधा तैयार कर सकेंगे.

Prabhat Khabar_16.09.2023_Pg. 11